कार्यालय-अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-Mail ID: nodalofficerddn@gmail.com, Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक- 1968 / FP/UK/ROAD/49512/2020 : देहरादून:दिनांक: 15 फरवरी, 2023

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
भारत सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–मध्य क्षेत्र),
25 सुभाष रोड़, देहरादून।

विषयः–जनपद–टिहरी गढवाल के विकासखण्ड भिलंगना में मूलगड ठेला गण्डराखाल मोटर मार्ग का भेलगढी से पांडवगांव तक विस्तार कार्य के निर्माण हेतु 4.447 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः–भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का पत्रांक 08बी / U.C.P./06/69/2021/F.C / 1059 दिनांक 01–11–2021।

महोदय,

कृपया भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया कि विषयक प्रकरण में सी0ए0 हेतु अवनत वन भूमि में 3 हे0 क्षेत्र का चयन किया गया है जो कि पूर्व में प्रस्तुत सी0ए0 क्षेत्र में पाये गये 3 हे0 MDF के एवज में है। प्रस्तुत अवनत वन भूमि में चयनित सी0ए0 क्षेत्र के डी0एस0एस0 विश्लेषण के अनुसार 3 हे0 क्षेत्र MDF में पाया गया है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त 3 हे0 भूमि का चयन कर प्रस्तुत करें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि क्षेत्र VDF एवं MDF विद्यमान नही है तथा संबंधित दस्तावेज आनलाईन अपलोड तथा इस कार्यालय में प्रेषित करने हेतु लिखा गया है।

उक्त के अनुपालन में प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी के पत्रांक 1831 / 12–1 दिनांक 07.02.2023 में अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा 3 हे0 अवनत वन भूमि (मल्याकोट कक्ष सं0–4ब) का दिनांक 31.01.2023 को स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें उक्त क्षेत्र का घनत्व 0.4 से कम पाया गया एवं यह क्षेत्र 1100 पौध प्रति हे0 रोपित किये जाने हेतु उपयुक्त है। **(संलग्न स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट)**

अतः प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी द्वारा प्रेषित प्रतिउत्तर के क्रम मे प्रश्नगत प्रकरण पर वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत यथोचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोपरि

भवदीय,

15/02/23

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण।

संख्या– / FP/UK/ROAD/49512/2020 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, टिहर वन प्रभाग, नई टिहरी को उनके पत्रांक 1831 / 12–1 दिनांक 07.02.2023 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण,